# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–05.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

***************

13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कोडरमा जिले के डोमचांच में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला।

***************

इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज हजारीबाग जिले के मांडु और रांची के कांके में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भी 8 और 9 नवंबर को झारखंड में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

***************

इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने भाजपा पर सामाजिक विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया।

***************

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर में चुनावी प्रचार के दौरान कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासी जनजातीय पर बहुत बड़ा खतरा मडरा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार आएगी तो इस मामले को सख्ती के साथ निपटेगी। श्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम महिलाओं के लिए बीएड, नर्सिंग जैसे पाठ्यक्रम निःशुल्क करवाएंगे, ताकि महिलाएं अपने पांव पर खड़ी हो सके।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड का सर्वांगीण विकास ही भाजपा का लक्ष्य है। गिरिडीह में आज पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र की खूबियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में छात्रों, युवाओं, बेरोजगारों, महिलाओं समेत सभी वर्गों के विकास के लिए रोड मैप तैयार किया गया है।

***************

साहिबगंज के मिर्जा चौकी में सीबीआई की टीम ने आज छापेमारी की है। बताया गया कि एक हजार दो सौ पचास करोड़ के अवैध खनन की जांच करने के लिए सीबीआई की टीम साहिबगंज पहुंची है।

***************

सिमडेगा महिला कॉलेज में पोस्टल बैलेट के जरिये मतदानकर्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददात–

***************

राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जांच अभियान जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब 47 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 31 मामले दर्ज किये गये हैं।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस ने आज नामकुम स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के संचालक के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। रांची पुलिस के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि अवैध नकदी की सूचना पर नामकुम स्थित यूनिवर्सिटी, कलावती अस्पताल और संचालक के आवास पर छानबीन की जा रही है।

***************

गुमला जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आज प्रधान डाकपाल के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मतदाताओं को समय पर वोटर आईडी प्रदान करने और डाक घर से प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट को समय पर जिले में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

****************

नहाय–खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरु हो गया। कल छठव्रती खरना का अनुष्ठान करेंगी जबकि सात नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया जायेगा। आठ नवंबर को सबेरे उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही यह महापर्व सम्पन्न हो जायेगा।

****************

राज्य में ठंड ने दस्तक दे दी है। गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज को छोड़ शेष सभी जिलों में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। अब दिन की शुरुआत कोहरे से हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार छठ के दौरान यानी सात और आठ नवंबर को आसमान में बादल छाये रहेंगे। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है।

*****समाप्त*******